# स्पेशल टास्क फोर्स, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

## प्रेस नोट सं0–300, दिनांकः 10–10–2024

**विभिन्न ऑनलाइन भर्ती परीक्षाओं में रिमोट एक्सेस सॉफ्टवेयर के जरिये प्रश्न–पत्र हल कराने वाले गैंग का सदस्य एंव थाना कोतवाली बडौत, जनपद बागपत पर पंजीकृत मु0अ0सं0 69/2024 में वांछित अभियुक्त को एसटीएफ द्वारा किया गिरफ्तार।**

दिनांक 10–10–2024 को एस0टी0एफ0 उ0प्र0 द्वारा थाना कोतवाली बडौत, जनपद बागपत पर पंजीकृत मु0अ0सं0 69/2024 धारा 420/467/468/471/120बी भादवि व 66डी, आई0टी0 एक्ट, 3/4/7/8/9 सार्वजनिक परीक्षा अनुचित साधनों का निवारण अधि0 में वांछित एंव ऑनलाइन भर्ती परीक्षाओं में रिमोट एक्सेस सॉफ्टवेयर के जरिये प्रश्न–पत्र हल कराने वाले गैंग का सदस्य राम चौहान उर्फ राम अवतार को गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः**

राम चौहान उर्फ राम अवतार पुत्र रूपचंद निवासी ग्राम भिडूकी, थाना हसनपुर, जिला पलवल (हरियाणा)

**गिरफ्तारी का स्थान व समय–**

दिनांक 10–10–2024 समयः 16.15 बजे स्थानः–तहसील के बाहर मैन रोड पर बना यात्री टीन शेड थाना कोतवाली बडौत जिला बागपत

एसटीएफ उ0प्र0 द्वारा विभिन्न भर्ती परीक्षाओ में सिस्टम हैक करने एंव सॉल्वर बैठाकर परीक्षा कराने वाले गिरोहों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु एसटीएफ की विभिन्न इकाईयों/टीमों को निर्देशित किया गया था, जिसके अनुपालन में श्री बृजेश कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक, एसटीएफ फील्ड इकाई, मेरठ के पर्यवेक्षण में एस0टी0एफ0 फील्ड इकाई, मेरठ में टीमें गठित कर अभिसूचना संकलन की कार्यवाही करते हुए दिनांक 07–02–2024 को एस0टी0एफ0 द्वारा थाना कोतवाली बडौत, जनपद बागपत में प्रचलित उ0प्र0 पुलिस में कम्प्यूटर ऑपरेटर की ऑनलाईन भर्ती परीक्षा में रिमोट एक्सेस सॉफ्टवेयर के जरिये प्रश्न–पत्र हल करने वाले सरगना रचित चौधरी सहित 12 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया था।

इसी क्रम में दिनांक 10–10–2024 को एस0टी0एफ0 फील्ड यूनिट मेरठ से निरीक्षक श्री सुनील कुमार के नेतृत्व में हे0कां0 रकम सिंह, हे0कां0 प्रदीप धनकड, हे0कां0 विनय कुमार एंव हे0कां0 आकाशदीप की टीम अभिसूचना संकलन एंव कार्यवाही हेतु बडौत, जनपद बागपत क्षेत्र में मामूर थी, कि मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि थाना कोतवाली बडौत, जनपद बागपत पर पंजीकृत मु0अ0सं0 69/2024 धारा 420/467/468/471/120बी भादवि व 66 डी, आई0टी0 एक्ट, 3/4/7/8/9 सार्वजनिक परीक्षा अनुचित साधनों का निवारण अधि0 में वांछित एंव विभिन्न ऑनलाइन भर्ती परीक्षाओं में रिमोट एक्सेस सॉफ्टवेयर के जरिये प्रश्न–पत्र हल कराने वाले गैंग का सक्रिय सदस्य किसी से मिलने के लिए दिल्ली–सहारनपुर रोड पर कलेक्ट्रेट को जाने वाले मार्ग के तिराहे पर रोड के किनारे बने यात्री शेड मे बैठा हुआ है। यदि जल्दी किया जाये तो पकडा जा सकता है। मुखबिर की इस सूचना पर विश्वास कर थाना कोतवाली बडौत, बागपत से सम्पर्क कर सूचना से अवगत कराते हूए साथ लेकर मुखबिर के साथ दिल्ली सहारनपुर रोड पर बागपत की ओर कलेक्ट्रेट की तरफ जाने वाले मार्ग से करीब 100 मीटर पहले मुखबिर की निशादेही पर उपरोक्त व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया, जिसने अपना नाम राम चौहान उर्फ राम अवतार बताया, जो थाना कोतवाली बडौत, जनपद बागपत पर

पंजीकृत मु0अ0सं0 69/2024 धारा 420/467/468/471/120बी भादवि व 66 डी, आई0टी0 एक्ट, 3/4/7/8/9 सार्वजनिक परीक्षा अनुचित साधनों का निवारण अधि0 में वांछित है।

गिरफ्तार अभियुक्त की गयी संक्षिप्त पूछताछ पर निम्न तथ्य प्रकाश में आये हैं–

- गिरफ्तार अभियुक्त इण्टर पास है और इसने वर्ष 2015–16 में आर0एस0 कम्प्यूटर्स पलवल हरियाणा से हैंकिंग का 06 माह का कोर्स किया था।
- उक्त कोर्स करने के पश्चात वर्ष 2021 में इसने CTET परीक्षा में हैंकिग की थी, जिसमें वह नोएडा थाना सैक्टर–58, जनपद गौतमबुद्धनगर में पकडा गया था और जेल गया था।
- वर्ष 2024 में इसकी मुलाकात नितिन निवासी गढी रामकोर, जनपद शामली से हुई थी, जिसने उसकी मुलाकात दुहाई, गाजियाबाद में कम्प्यूटर लैब चलाने वाले रचित चौधरी से करायी थी।
- गैंग सरगना रचित चौधरी जो साथियों सहित दिनांक 07–02–2024 को गिरफ्तार किया गया है, के द्वारा बिजेन्द्र फौजी पुत्र बाबू राम नि0 शामली के कहने पर उसकी विधान पब्लिक स्कूल दुहाई, गाजियाबाद में स्थित लैब को फर्जी तरीके से अपने नाम से अप्लाई कर दिनांक 29–01–2024 से 08–02–2024 तक सम्पन्न हुई उ0प्र0 पुलिस में कम्प्यूटर ऑपरेटर परीक्षा कराने हेतु केन्द्र आवंटित कराया था।
- उक्त ऑनलाइन भर्ती परीक्षा में रिमोट एक्सेस सॉफ्टवेयर के जरिये प्रश्न–पत्र हल कराने के लिए सुनियोजित तरीके से अभ्यर्थियों से अनुचित धन लाभ कमाने के उददेश्य से एक कम्प्यूटर लैब करीब 250 कम्प्यूटर सिस्टम के साथ स्थापित करायी गयी थी।
- गिरफ्तार अभियुक्त कम्प्यूटर हैकिंग एक्सपर्ट है, जिसने रोहित चौधरी के कहने पर गाजियाबाद दुहाई मे स्थित विधान पब्लिक स्कूल में एक कम्प्यूटर लैब में आकर दि0 28–01–2024 को एक सिस्टम पर कुछ साफ्टवेयर (ANYDESK, NODE.JS, PYTHON LAUNCHER) इंस्टाल कर इस सिस्टम को मास्टर सिस्टम बनाया ताकि जब जरूरत हो तब लैब मे मौजूद अन्य सिस्टमो को इस मास्टर सिस्टम के जरिये LAN (LOCAL AREA NETWORK) के माध्यम से कनेक्ट कर उनका रिमोट एक्सेस ले सके और उक्त मास्टर सिस्टम को लैब में मौजूद अपने सहयोगियो की मदद से अलग रखा गया ताकि किसी अभ्यर्थी को परीक्षा के समय उक्त सिस्टम आवंटित न हो।
- गिर0 अभियुक्त एंव इसके सहयोगियों द्वारा परीक्षा प्रारम्भ होने से पहले ही लैब मे मौजूद अपने सहयोगियो के माध्यम से दूर कही बैंठकर गैंग का सदस्य रवि लैब में मौजूद मास्टर सिस्टम का रिमोट एक्सेस उसमें मौजूद ANYDESK साफ्टवेयर के माध्यम से अपने सिस्टम पर लेकर जिन–जिन अभ्यर्थियो से पैसे लेकर पेपर हल कराने की बात तय होती थी, इस मास्टर सिस्टम के जरिये सभी सिस्टम आपस में लैन के माध्यम से कनेक्ट होने की वजह से उन–उन अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर आवंटित सिस्टमों के एक्सेस ले लेता था और उसको अपने अन्य साथी जो पेपर हल करने में एक्सपर्ट थे, उनके सिस्टम पर भेज देता था, जिससे केन्द्र पर मौजूद अभ्यर्थी के सिस्टम का पूरा एक्सेस इनके पास पहूॅच जाता था और ये प्रश्न–पत्र अपने सिस्टम से हल करते थे। अभ्यर्थी केवल बैठकर माउस हिलाता रहता था।
- इस गैंग का सरगना प्रत्येक अभ्यर्थी से 4 से 5 लाख रूपयें उक्त कार्य हेतु प्राप्त करता था तथा राम चौहान उर्फ राम अवतार को एक अभ्यार्थी की स्क्रीन शेयर करने की ऐवज में 50 हजार रूपये दिये जाते थे।

गिरफ्तार अभियुक्त को थाना कोतवाली बडौत, जनपद बागपत पर मु0अ0सं0 69/2024 धारा 420/467/468/471/120बी भादवि व 66 डी, आई0टी0 एक्ट, 3/4/7/8/9 सार्वजनिक परीक्षा अनुचित साधनों का निवारण अधि0 पंजीकृत अभियोग में दाखिल किया गया है। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही स्थानीय पुलिस द्वारा की जा रही है।